# संस्थान में वर्ष 2014 के दौरान हिन्दी पखवाड़ा के अन्तर्गत होने वाली गतिविधियां

## हिन्दी पखवाड़ा

संस्थान में दिनांक 14.09.2014 (हिन्दी दिवस) के अन्तर्गत हिन्दी पखवाड़ा के कार्यक्रमों का आयोजन दिनांक 15.09.2014 से 29.09.2014 तक निम्नवत विवरण के अनुसार किया गया।

| क्र. सं. | कार्यक्रम | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | हिन्दी विचार गोष्ठी | 15.9.2014 | 3.30बजे से |
| 2. | श्रुतलेख प्रतियोगिता | 16.9.2014 | 3.30 बजे |
| 3. | हिन्दी हस्ताक्षर प्रतियोगिता | 17.9.2014 एवं 18.9.2014 | कार्यालय दिवस की अवधि में |
| 4. | हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता<br>विषयः- नदियों में प्रदूषण व निदान (शब्द-250) | 19.9.2014 | राजभाषा अनुभाग में जमा करायें |
| 5. | राजभाषा से सम्बन्धित वृतचित्र/फिल्म का प्रदर्शन (सेतु व हिन्दी गाँधी व गुलामी) | 20.9.2014 | 11.30 बजे से |
| 6. | 'आओ बताओ इनाम पाओ प्रतियोगिता' (समस्त स्टाफ, महिलाओं एवं बच्चों हेतु) | 22.9.2014 | 3.00 बजे से |
| 7. | 'बच्चों की श्रुतलेख प्रतियोगिता' | 23.9.2014 | 3.30 बजे से |
| 8. | 'हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता' | 24.9.2014 | 3.30 बजे से |
| 9. | 'हिन्दी शोध पत्र प्रतियोगिता' | 25.9.2014 | 2.00 बजे से |
| 10. | हिन्दी अनुप्रयोग प्रतियोगिता | 26.9.2014 | 3.30 बजे से |
| 11. | हिन्दी कार्यशाला | 27.9.2014 | 10.00 बजे से |
| 12. | समापन समारोह | 29.9.2014 | 3.30 बजे से |

- दिनांक 15.9.2014 को एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के विभिन्न वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों व आमंत्रित अतिथियों द्वारा 'राष्ट्र विकास में हिन्दी का महत्व एवं संस्थान में राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग व बढ़ते कदम एवं सुधार हेतु सुझाव' पर अपने विचार प्रकट किये गये तथा अन्त में संस्थान के निदेशक द्वारा अपने उद्बोधन में हिन्दी को अपने देश की एकता को जोड़ने वाली एक कड़ी तथा पहचान बताते हुए संस्थान के सभी कर्मियों को शत-प्रतिशत हिन्दी में कार्य करने हेतु आह्वान किया गया।

- दिनांक 16.9.2014 को हिन्दी श्रुतलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं ने सहभागिता की तथा डा. चेतना गंगवार, डा. नरेन्द्र कुमार एवं श्री जितेन्द्र सिंह गेट क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे व पुरस्कृत किये गये।

- दिनांक 17-18 सितम्बर, 2014 को हिन्दी हस्ताक्षर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं द्वारा हिन्दी में अपने हस्ताक्षर किये गये तथा मूल्यांकन के पश्चात् सर्वश्रेष्ठ तीन हस्ताक्षर करने वाले डा. गोपाल दास, श्री हरी किशन हिमकर एवं श्री राजकुमार शर्मा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे व पुरस्कृत किये गये।

- दिनांक 19.9.2014 को हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता विषयः- 'नदियों में प्रदूषण व निदान' का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बच्चों द्वारा सहभागिता की। जिसमें की स्टाफ एवं बाल वर्ग में डा. साकेत भूषण, श्री हेमेन्द्र कुमार सारस्वत एवं श्री शिवम क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे व पुरस्कृत किये गये।

- दिनांक 20.09.2014 को राजभाषा से सम्बन्धित वृत्तचित्र, सेतु व हिन्दी गांधी और गुलामी का चलचित्र प्रदर्शन समस्त कर्मचारियों के लिए संस्थान में किया गया।

- दिनांक 22.9.2014 को आओ बताओ ईनाम पाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 140 वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, बच्चों एवं महिलाओं ने सहभागिता की। इस प्रतियोगिता में सहभागिओं से राजभाषा एवं सामान्य ज्ञान से सम्बन्धित 100 प्रश्न पूछे गये तथा सही उत्तर देने वाले 100 सफल प्रतियोगिओं को पुरस्कृत किया गया।

- दिनांक 23.9.2014 को बच्चों की श्रुतलेख प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों के प्रौढ़ वर्ग एवं बाल वर्ग के लिए अलग-अलग किया गया। प्रौढ़ वर्ग में मि. हिमांशु, कु. नीतू सिंह एवं मि. कृष्ण क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे एवं बाल वर्ग में मि. शिवम, मि. अभिषेक एवं मि. प्रशांत क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे व पुरस्कृत किये गये।

- दिनांक 24.9.2014 को संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं के लिए हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें डा. चेतना गंगवार, श्री राजकुमार सिंह एवं डा. साकेत भूषण क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे व पुरस्कृत किये गये।

- दिनांक 25.9.2014 को अपराह्न 2.00 बजे से संस्थान के वैज्ञानिकों के लिए एक हिन्दी शोध पत्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वैज्ञानिक वर्ग में डा. चेतना गंगवार, डा. गोपाल दास, डा. विजय कुमार एवं डा. साकेत भूषण क्रमशः प्रथम, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे व पुरस्कृत किये गये।

- दिनांक 26.9.2014 को हिन्दी अनुप्रयोग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें डा. गोपाल दास, डा. चेतना गंगवार एवं श्री जितेन्द्र सिंह गेट क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे व पुरस्कृत किये गये।

- दिनांक 27.9.2014 को राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के समस्त वैज्ञानिकों, तकनीकी अधिकारी व कर्मचारी, प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारियों ने सहभागिता निभायी, जिसमें श्री जितेन्द्र मोहन शर्मा, वरिष्ठ प्रबन्धक राजभाषा, रिजनल आफिस सिडिकेट बैंक, पदम प्लाजा, सिकन्दरा, आगरा द्वारा 'राजभाषा अधिनियम' पर एक व्याख्यान दिया गया।

- दिनांक 29.09.2014 को हिन्दी पखवाड़ा समापान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के समस्त वैज्ञानिकों, तकनीकी अधिकारी व कर्मचारी, प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारियों ने सहभागिता निभायी एवं दिनांक 15 सितम्बर, 2014 से प्रारम्भ हुए इस हिन्दी पखवाड़े के दौरान समस्त सफल प्रतिभागियों को संस्थान कार्यवाहक निदेशक एवं अध्यक्ष राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कार्यवाहक निदेशक महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी देश की एकता एवं विकास के लिए उस देश की राष्ट्रभाषा का समृद्ध होना अति आवश्यक है। अतः हम सभी का कर्तव्य है कि हिन्दी को राष्ट्रभाषा के पद पर आसीन करने के लिए हर सम्भव प्रयास करें तथा संस्थान मे निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप हिन्दी में कार्य करते हुए हिन्दी के कार्यान्वयन को आगे बढ़ाना सुनिश्चित करें। हमेशा याद रखें कि दैनिक व्यवहार में हिन्दी भाषा का प्रयोग हीनता नहीं बल्कि गौरव का प्रतीक है।

हिन्दी पखवाड़े के अन्तर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण करते हुये संस्थान के कार्यवाहक निदेशक, डा. सतीश कुमार जिन्दल















